निगम हिंदी पत्राचार का स्वागत करता है
राज्य चिकित्सा आयुक्त कार्यालय
OFFICEOF STATE MEDICAL COMMISSIONER
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
पंचदीप भवन, मध्य मार्ग, सैक्टर 19-ए
PANCHDEEP BHAWAN, MADHYA MARG, SECTOR -19A
चंडीगढ/ CHANDIGARH-160019
दूरभाष/**TELEPHONE**: 0172-2542907 फैक्स/FAX: 0172-2542892

आदर्श अस्पताल-सह-निदान केन्द्र, बरनाला, पंजाब के लिए आवास की आवश्यकता हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राज्य चिकित्सा आयुक्त, क.रा.बी. निगम, पंजाब द्वारा बरनाला, पंजाब में आदर्श औषधालय-सह-निदान केन्द्र हेतु तीन वर्षों के लिए किराए पर आवास की आवश्यकता हेतु ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन के माध्यम से दो बोली पद्धति में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाताओं को 'क.रा.बी. निधि खाता संख्या-1' के पक्ष में चंडीगढ़ में भुगतान योग्य मांगपत्र/बैंकर चैक द्वारा रु 50,000/- का बयाना जमा करवाना होगा।

इच्छुक निविदाकर्ताओं को अपनी तकनीकी और वित्तीय बोली के समर्थन में विधिवत रूप से हस्ताक्षरित सभी संगत प्रमाणपत्र व दस्तावेज आदि के साथ विधिवत रूप से भरी हुई निविदा तथा अपनी बोली https://esictenders.eproc.in पर अधिक से अधिक दिनांक 02.01.2018 को अप॰ 2.00 बजे तक अपलोड करनी है। तकनीकी बोलियां दिनांक 02.01.2018 को अप॰ 02.30 बजे ऑनलाइन खोली जाएंगी।

देखने के लिए यह दस्तावेज वेबसाइट www.esicpunjab.org, www.esic.nic.in तथा http://esictenders.eproc.in पर भी उपलब्ध है।

राज्य चिकित्सा आयुक्त

ऑनलाइन भुगतान के संबंध में बोलीदाताओं के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

ई-निविदाओं में भाग लेने के लिए सभी बोलीदाताओं/ संविदाकारों को दोनों डीएससी घटकों अर्थात् हस्ताक्षर और एन्क्रिप्शन सहित क्लास-IIIबी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) की खरीद करनी होगी।

बोलीदाताओं को https://esictenders.eproc.in पर पंजीकृत होना होगा।

बोलीदाता निम्नलिखित साइटों को Internet Explorer → Tools → Internet Options → Security → Trusted Sites → Sites of Internet Explorer के अंतर्गत जोड़ें :

https://esictenders.eproc.in
https://www.tpsl-india.in
https://www4.ipg-online.com

बोलीदाता Internet Explorer → Tools → Internet Options → AdvanceTab → Security के अंतर्गत "Use TLS 1.1 तथा Use TLS 1.2" का चयन भी करें।

निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय बोली प्रक्रिया शुल्क रु.2495/-(अप्रतिदेय) ऑनलाइन भुगतान विधि यथा डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग द्वारा जमा करना होगा।

बोलीदाता हमारी हेल्पडेस्क https://esictenders.eproc.in/html/Support.asp पर संपर्क कर सकते हैं।

<u>निविदा दस्तावेज</u>

<u>आदर्श औषधालय-सह-निदान केन्द्र, क.रा.बी.निगम, बरनाला, पंजाब के लिए किराए पर आवास लेने हेतु ई-निविदा के निबंधन एवं शर्तें:</u>

1. इच्छुक पक्ष राज्य चिकित्सा आयुक्त, क.रा.बी.निगम चंडीगढ़ को ई-निविदा करें तथा यह ई-निविदा भवन के वैध मालिक द्वारा 'भार-मुक्तता प्रमाणपत्र' सहित की जानी चाहिए।

2. संविदा दर में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित विवरण होने चाहिएँ:

क) आवास की अवस्थिति एवं पता।

ख) आच्छादित क्षेत्र।

ग) संबंधित प्राधिकरण/सरकार द्वारा अनुमोदित वास्तुविद्, जो भी लागू हो, द्वारा अनुमोदित भवन का विस्तृत नक्शा।

घ) परिसर को कार्यालय/औषधालय/निदान केंद्र के रूप मे प्रयोग करने के लिए नगर पालिका और/या संबद्ध नियमों,यथापेक्षित, के अनुपालन में सभी संगत केंद्रीय/राज्य/अन्य संबंधित प्राधिकरणों तथा दमकल विभाग से अनुमति/अनापति प्रमाणपत्र।

ङ) भवन में उपलब्ध सुख-सुविधाएं एवं साधन।

च) **प्रस्तावित किराया प्रति वर्ग फुट:** प्रस्तावित किराए में सम्पत्ति मालिकों द्वारा देय सम्पत्ति कर अथवा अन्य सभी प्रकार के कर सम्मिलित होने चाहिएँ।

3. मालिक द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली अपेक्षित सुविधाएँ -

(क) लगभग 3000 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्र (10% अधिक/कम)

(ख) भवन कार्यालय/ आदर्श औषधालय-सह-निदान केन्द्र के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

(ग) **आसान पहुँच:** प्रस्तावित भवन का पहुँच मार्ग लगभग 30 फुट चौड़ा होना चाहिए।

(घ) भवन में पर्याप्त खिड़कियाँ व दरवाजे होने चाहिएँ तथा भवन पर्याप्त हवादार होना चाहिए।

(ङ) वाहनों हेतु सुनिश्चित पार्किंग स्थल उपलब्ध हो।

(च) प्रस्तावित परिसर में विद्युत जुड़नार व फिटिंग्स यथा पावर प्वाइंट आदि लगे होने चाहिएँ।

(छ) भवन में पावर बेकअप सहित 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति का प्रावधान होना चाहिए।

(ज) किराए पर प्रस्तावित क्षेत्र अधिमानतः भूतल पर होना चाहिए। यद्यपि लगभग 3000 वर्ग फुट(10% अधिक/कम) कुल निर्मित क्षेत्र के लिए भूतल के निर्मित क्षेत्र के साथ-साथ प्रथम तल का निर्मित क्षेत्र भी सम्मिलित किया जा सकता है, तथापि पर्याप्त ऊँचाई की सुरक्षित चारदीवारी सहित एकल(अलग) भवन को प्राथमिकता दी जाएगी।

(झ) भवन का रख-रखाव (सभी उपभोग्य वस्तुओं सहित सिविल, विद्युत, यांत्रिक, प्लंबिंग आदि) भवन मालिक द्वारा किया जाएगा।

(ञ) भवन में सरकारी सम्पत्ति की रक्षा हेतु उपयुक्त सुरक्षा प्रबंध होना चाहिए।

(ट) भवन मालिक प्रत्येक वर्ष अपने खर्च पर वार्षिक मरम्मत एवं रख-रखाव करवाने के लिए भी वचनदायी होगा। भवन मालिक द्वारा रख-रखाव संबंधी शिकायत के निवारण में विफल रहने पर, निगम भवन मालिक के खर्च पर उक्त रखर-खाव करवा सकता है।

(ठ) भवन विद्युत, जल, कचरा निपटान तथा अग्निशामक उपकरणों सहित प्रयोग के लिए तैयार दशा में होना चाहिए। विद्युत का 12 के॰वी॰ए॰ का न्यूनतम लोड मंजूर/उपलब्ध है - यह इंगित किया जाना चाहिए।

(ड) भवन हेतु अपेक्षित अनिवार्य समाशोधन(अनापत्ति प्रमाणपत्र) उपलब्ध होने चाहिएँ।

(ढ) उपर्युक्त बिन्दुओं में से बिंदु संख्या क, ख तथा ग अत्यावश्यक हैं जिनके बिना बोली तुरंत खारिज कर दी जाएगी।

(ण) भवन मालिक द्वारा 24 घण्टे पेयजल/उपचारित पीने योग्य पानी अनिवार्य उपलब्ध करवाया जाएगा।

(त) भवन में स्टाफ तथा आगंतुकों के लिए अलग-अलग(महिला/पुरुष) प्रसाधन होने चाहिएँ तथा भवन में समुचित प्रतीक्षास्थल भी होना चाहिए।

(थ) भवन मालिक को लघु फेरबदल, यदि कोई अपेक्षित हो, की अनुमति देनी होगी।

(द) भवन का रखरखाव सही हो तथा भवन समुचित प्रकाशमान होना चाहिए।

(ध) भवन मालिक किराया अनुबंध लागू करने के लिए स्टाम्प शुल्क वहन करेगा।

(न) भवन बदलने की स्थिति में एक महीने की अवधि किराया मुक्त होगी।

(ऩ) अपेक्षित कमरों का आकार लगभग निम्नानुसार होगा:

क्रमांक	विवरण	आकार (मीटर में)	अपेक्षित संख्या
1	चिकित्सक कक्ष	3 X 4	03
2	औषधशाला(फार्मेसी)	3 X 5	02
3	प्रयोगशाला	3 X 4	01
4	टीका कक्ष	3 X 3	01
5	पट्टी कक्ष	3 X 3	01
6	कार्यालय कक्ष	3 X 4	02
7	पंजीकरण	3 x 4	01
8	कम्प्यूटर उपकरण/ सहायक सामग्री कक्ष	3 X 3	01
9	प्रतीक्षा स्थल	40 वर्ग मीटर	01
10	स्टाफ(महिला/पुरुष) के लिए अलग-अलग प्रसाधन		02
11	आगंतुकों(महिला/पुरुष) के लिए अलग-अलग प्रसाधन		02
12	अभिलेख कक्ष	4 X 5	01

यदि ऊपर वर्णित विशिष्टताओं में कुछ परिवर्तनों के साथ भवन सुसंगत हो, तो इन्हें स्वीकार किया जा सकता है। औषधालय का प्रचालन ही भवन के चयन का प्रमुख मापदंड होगा।

4. लीज अवधि न्यूनतम तीन वर्ष की होगी जिसे आपसी सहमति से दो वर्ष बढाया जा सकता है। अनुबंध अवधि की समाप्ति के पश्चात किराया वृद्धि तत्समय लागू क.रा.बी. निगम दिशानिर्देशों के अनुसार भवन मालिक तथा क.रा.बी. निगम की आपसी सहमति के शर्ताधीन होगी।

5. तकनीकी संवीक्षा समिति प्रत्येक तकनीकी बोली की विस्तृत जांच करेगी तथा प्राथमिक संवीक्षा के पश्चात उनमें से किसी अथवा किन्हीं भवनों का दौरा करेगी, जिन्हें यह अनंतिम रूप से आगामी तकनीकी संवीक्षा के लिए उपयुक्त पाती है और अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

6. केवल उन्हीं निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोली को खोला जाएगा जो तकनीकी बोली में योग्य पाए जाएंगे।

7. निविदा प्रपत्र में सभी प्रविष्टियां पठनीय हों तथा स्पष्ट रूप से भरी हुई हों। कोई अभिलेखन/कटिंग, जो कि अपरिहार्य हो, उसका सत्यापन अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा। निविदा प्रपत्र में उद्घृत प्रविष्टियों/दरों में किसी प्रकार का अधिलेखन/कटिंग होने की स्थिति में शब्दों में उद्धृत की गई प्रविष्टियों/दरों पर विचार किया जाएगा। निविदा प्रपत्र पर सफ़ेद स्याही(व्हाइट फ्ल्यूड) का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

8. निविदाकार यह सुनिश्चित करे कि कोई खराब करप्ट फाइल/पेज अपलोड न किया जाए अन्यथा निविदा को सीधे ही निरस्त कर दिया जाएगा।

9. **बोलियां जमा करना:** ई-निविदा के अन्तर्गत तकनीकी बोली(बयाना राशि सहित) तथा वित्तीय बोली नामक दो बोलियों में प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक राज्य चिकित्सा आयुक्त, पंजाब के कार्यालय में दिनांक 02.01.2018 को अप. 02.00 बजे तक जमा करना होगा।

10. असफल निविदाकारों की बयाना राशि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात बिना किसी ब्याज के वापस लौटा दी जाएगी।

11. सफल निविदाकार को 'क.रा.बी. निधि लेखा संख्या-1' के पक्ष में चंडीगढ़ में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट/बैंक चैक द्वारा रु. 100000/- की प्रतिभूति राशि जमा करवानी होगी।

12. राज्य चिकित्सा आयुक्त, पंजाब किसी एक अथवा सभी निविदाओं को किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

आदर्श औषधालय-सह-निदान केन्द्र, बरनाला, पंजाब हेतु लीज आधार पर किराए पर भवन लेने के लिए तकनीकी बोली

निविदाकारों द्वारा निम्नांकित प्रारूप में विवरण दिए जाएं

तकनीकी बोली भाग-क

क्रमांक	विवरण	ब्यौरा
1	निविदाकार का नाम	
2	गठन(स्वामित्व/साझेदारी/कम्पनी/व्यक्ति विशेष आदि)	
3	मालिक/साझेदारों/निदेशकों के नाम	
4	संपर्क व्यक्ति का नाम व दूरभाष संख्या	
5	कार्यालय/निवास का पूर्ण विवरण	
(क)	पता	
(ख)	दूरभाष संख्या	
(ग)	फैक्स संख्या	
(घ)	ई-मेल	
6	निविदाकार के बैंक का पूर्ण विवरण	
(क)	बैंक का नाम	
(ख)	खाते का प्रकार	
(ग)	खाता संख्या	
(घ)	आई॰एफ॰एस॰ कोड	
7	पैन/टैन संख्या	सं. प्रति संलग्न करें
8	वस्तु एवं सेवाकर संख्या(जी.एस.टी.), यदि लागू हो	सं. प्रति संलग्न करें
9	बयाना राशि का विवरण	
(क)	राशि	
(ख)	डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक संख्या	
(ग)	तिथि	
(घ)	बैंक का नाम	
(ङ)	किस तिथि तक वैध	

तकनीकी बोली भाग - ख

क्रमांक	विवरण	ब्यौरा
1	किराए हेतु प्रस्तावित स्थान का ब्यौरा	
(क)	सम्पत्ति स्थल का पता एवं अवस्थिति	
(ख)	अवस्थिति/सम्पत्ति का प्रकार(आवासीय/ वाणिज्यिक/ शॉपिंग/ कॉम्प्लैक्स/ औद्योगिक/ स्लम)	
(ग)	क्या यह स्थान जटिल/ प्राकृतिक बाधाओं यथा अग्नि, बाढ़, भूकम्प आदि से सुरक्षित है?	
(घ)	क्या यह अतिक्रमण, औद्योगिक शोर-शराबे, धुआं, धूल, शोर, ओवरहेड हाई टेन्शन तारों आदि जैसे प्रतिकूल प्रभाव से सुरक्षित है?	
2	स्थानों से अवस्थिति का सामिप्य(किमी में)	
(क)	बस स्टैंण्ड से दूरी	
(ख)	रेलवे स्टेशन से दूरी	
3	स्थान/स्थल का विवरण	
(क)	पूर्ण स्वामित्व/पट्टे पर	
(ख)	यदि पट्टे पर है तो पट्टे की शेष अवधि	
4	मुख्य जलापूर्ति मार्ग, विद्युत प्रसारण, सीवर आदि के संबंध में कोई भी सुस्थापित निर्धारण	
5	क्या यह स्थल अथवा उसका कोई भाग रेलवे/ राष्ट्रीय राजमार्ग/ भूमिगत केबल मार्ग के बीच में आता है?	
6	भूमि/स्थल का नक्शा संलग्न करें	
7	सम्पत्ति का ब्यौरा	
(क)	भवन में तलों की संख्या	
(ख)	परिसर का प्रस्ताव किस तल पर दिया गया है	
8	उपलब्ध सुविधाएँ	
(क)	पंखों व वातानुकूलनों की संख्या	
(ख)	उष्णोत्स(गीजर) की संख्या	
(ग)	अलमारियों की संख्या	
(घ)	एक्जॉस्ट पंखा	
(ङ)	दर्पण सहित वास बेसिन	
(च)	प्रसाधन	
(छ)	कोई अन्य सुविधा जैसे टेलीफोन, इंटरकॉम	
(ज)	आंतरिक सज्जाओं का ब्यौरा	
9	उपलब्ध सामान्य सुविधाएँ	
(क)	विद्युत	
(ख)	24 घण्टे जलापूर्ति हेतु ओवरहैड टैंक	
(ग)	लिफ्ट की संख्या	
(घ)	आपातकालीन प्रकाश हेतु जेनरेटर	
(ङ)	कार/स्कूटर पार्किंग के लिए स्थान	

(च)	तड़ित रोधी उपकरण	
(छ)	अग्निशामक उपकरण	
(ज)	चोरी रोधी उपकरण	
(झ)	सुरक्षा व्यवस्था	
10	निर्माण/भवन की स्थिति	
(क)	नवनिर्मित(दो वर्ष के भीतर)	
(ख)	यदि पुराना है तो निर्माण पूरा होने का वर्ष	
11	निर्माण/प्रयुक्त सामग्री की विशिष्टताएँ	
(क)	निर्माण की श्रेणी (ए,बी या सी) जैसा कि सी.पी.डब्ल्यू.डी द्वारा निर्दिष्ट किया गया है	
(ख)	भारवाहक दीवारों पर आर.सी.सी. निर्मित संरचना	
12	भवन/सम्पत्ति का प्रकार	
	एक मंजिला/दो मंजिला/तीन मंजिला	
13	यदि नक्शा संस्वीकृत नहीं है, तो	
(क)	कारण बताएं	
(ख)	संस्वीकृति प्राप्त करने में कितना समय लगेगा	
14	यदि संस्वीकृत नक्शे से कोई विचलन है, तो	
	क्या ये विचलन अनियमितता स्तर की हैं?	
15	अग्नि से सुरक्षा के समुचित प्रबंध का प्रावधान	
(क)	क्या समुचित सुरक्षा प्रबंध है?	
(ख)	यदि हाँ, विवरण दें	
(ग)	क्या अग्नि नियंत्रण प्राधिकारियों से कोई अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया गया है?	
(घ)	यदि हाँ, प्रमाण/प्रमाण-पत्र की प्रतियाँ उपलब्ध करवाएँ	
16	क्या प्रस्तावित परिसर खाली है और तत्काल कब्जे के लिए उपलब्ध है?	
17	संलग्न दस्तावेजों की संख्या एवं ब्यौरा	
	स्थान	मालिक या प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
	दिनांक	

<u>नोट-:</u>

1. भवन मालिकों से अनुरोध है कि वे इस दर प्रपत्र के साथ सभी संगत दस्तावेज़ों की प्रतियाँ संलग्न करें।
2. भवन मालिकों से अनुरोध है कि वे सभी कॉलम गम्भीरता से भरें।
3. निविदा प्रपत्र में सभी प्रविष्टियां पठनीय और स्पष्ट रूप से भरी हुई होनी चाहिएँ। किसी भी प्रकार का अधिलेख/कटिंग, जो अपरिहार्य हो, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए।

वित्तीय बोली प्रपत्र

क्रमांक	विवरण	अंकों में	शब्दों में
01	प्रस्तावित किराया (सभी करों सहित प्रति वर्ग फुट प्रति माह) (रु)		
02	प्रस्तावित भवन का क्षेत्रफल (वर्गफुट में)		
03	कुल प्रस्तावित किराया (रु)		
	स्थान :-	मालिक या अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता	
	दिनांक :-		

नोट :-

1) तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं से प्रस्तावित किराए(सभी करों सहित प्रति वर्ग फुट प्रति माह) के आधार पर न्यूनतम बोली (L1) का निर्धारण किया जाएगा।
2) भवन मालिकों को सभी कॉलम गंभीरता से भरने की सलाह दी जाती है।
3) निविदा फॉर्म में सभी प्रविष्टियां पठनीय और स्पष्ट रूप से भरी जानी चाहिएँ। किसी भी प्रकार का अधिलेख/कटिंग, जो अपरिहार्य हो, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा सत्यापित किया जाएगा।
4) निविदा प्रपत्र में उद्घृत प्रविष्टियों/दरों में किसी प्रकार का अधिलेखन/कटिंग होने की स्थिति में शब्दों में उद्धृत की गई प्रविष्टियों/दरों पर ही विचार किया जाएगा।
5) निविदा प्रपत्र में सफ़ेद स्याही(व्हाइट फल्यूड) का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

घोषणापत्र

मैं/हम सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं और वचन देता हूँ/देती हूँ/देते हैं कि:

1. निविदा के सभी निबंधन एवं शर्तें मुझे/हमें स्वीकार्य हैं। यदि निविदा में मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत की गई कोई जानकारी गलत पाई जाती है, तो किसी भी अन्य कानूनी कार्रवाई के बिना अनुबंध रद्द किया जा सकता है।
2. मैं/हम यह भी पुष्टि करता/करते हैं कि मैं/हम यह समझते हैं कि राज्य चिकित्सा आयुक्त, पंजाब के पास किसी भी बोली या सभी बोलियों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
3. मैं/हम यह भी घोषणा करता हूँ/करते हैं कि किराए के लिए प्रस्तावित भवन को किराए पर देने से रोकने के संबंध में सरकार/नगरपालिका का कोई प्रतिबंध नहीं है और मैं/हम प्रस्तावित भवन के कानूनी मालिक हूँ/हैं।
4. किसी भी सरकारी संगठन/संस्थान द्वारा किसी भी सरकारी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु मुझे/हमें काली सूची में नहीं रखा गया है।

दिनांक: मालिक के हस्ताक्षर

<u>अपलोड करने हेतु दस्तावेजों की सूची</u>

1. पैन कार्ड की प्रतिलिपि
2. डिमांड ड्राफ्ट की स्कैन की हुई प्रतियाँ
3. क.रा.बीमा/क.भ.निधि पंजीकरण प्रमाणपत्र(यदि कोई है)
4. वस्तु एवं सेवा कर पंजीकरण प्रमाणपत्र
5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित नक्शे की प्रति
6. दमकल प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र
7. नगरपालिका गृहकर/वाणिज्यिक कर की नवीनतम रसीदें
8. अंतिम विक्रय-विलेख(सेल डीड)
9. विद्युत बिल की नवीनतम रसीद
10. नवीनतम जलापूर्ति बिल प्राप्तियाँ
11. भवन मालिक द्वारा घोषणा पत्र
12. मालिक/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित और मुहर लगा हुआ निविदा दस्तावेज

<u>नोट</u> :निविदा के अंग्रेजी व हिन्दी पाठ में किसी भी प्रकार का अंतर होने पर अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।